आजा सांवरिया | By Naveen Bhagat

आजा सांवरिया तेरा में श्रृंगार करूं...2
फूलों के हार पहना दूं, चंदन का तिलक लगा दूं
रेशम का चोला पहना के, इत्र उस पर छिड़का दूं
आज जी भर के तेरा मैं दीदार करूं
आजा सांवरिया तेरा मैं दीदार करूं
तेरा मैं दीदार करूं.........

रूप तेरा बड़ा सलोना, कमल से नैन है
संभालूं कैसे मैं खुद को यह दिल बेचैन है
होंठ तेरे पतले पतले, गजब मुस्कान है
मैं तेरे सदके जाऊं, तू मेरी जान है
बैठ मेरे आगे, मैं नैना चार करूं
आजा सांवरिया तेरा मैं दीदार करूं
तेरा मैं दीदार करूं.........

श्याम तेरे भक्तों से , सजी तेरी महफिल है
तुझे ही चाहने वाला, यहां तो हर दिल है
यह दिल खामोश नहीं है, हमारा दोष नहीं है
तेरी नजरों से पी के, रहा अब होश नहीं है
होश ना आए, दुआ में सरकार करूं
आजा सांवरिया तेरा मैं दीदार करूं
तेरा मैं दीदार करूं.........

फलक से बरसे तारे, रंगीली रात है
यह पल है बड़े सुहाने, सांवरिया साथ है
तेरी उल्फत का असर है, झूमता राज मेहर है
रही अब अपनी खबर ना, ना हीं तो जग की खबर है
नवीन यह कहता, तुझी से प्यार करूं
आजा सांवरिया तेरा मैं दीदार करूं
तेरा मैं दीदार करूं.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-naveen-bhagat/